संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर-302018, दूरभाष नं.: 0141-2722520

क्रमांकः 14(131)RSSB/अर्थना/NHM/संविदा/2024/3427 दिनांकः 11.12.2024

-:: राजस्थान मेडिकल एज्यूकेशन सोसायटी के विभिन्न संवर्ग के संविदा के पदों हेतु सीधी भर्ती-2024 ::-

राजस्थान मेडिकल एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर, राजस्थान के लिये राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022 यथा संशोधित के अन्तर्गत निम्नलिखित **संविदा** के पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तो एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं:—

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या		
		गैर-अनुसूचित क्षेत्र	अनुसूचित क्षेत्र	कुल पद
1.	संविदा नर्स ग्रेड-II (Nurse Grade-II)	1708	242	1950
2.	संविदा लैब टेक्नीशियन (Lab Technician)	304	17	321
3.	संविदा नर्सिंग ट्यूटर (Nursing Tutor)	216	24	240
4.	संविदा मेडिकल सोशल वर्कर (Medical Social Worker)	56	04	60
5.	संविदा स्पीच थेरेपिस्ट (Speech Therapist)	26	02	28
6.	संविदा बायोमेडिकल इंजीनियर (Bio Medical Engineer)	12	01	13
7.	संविदा फिजीयोथैरेपिस्ट (Physiotherapist)	12	02	14
	कुल योग	**2334**	**292**	**2626**

आयु:— आवेदक 1 जनवरी 2026 को **राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022** के वर्णित प्रावधानों के अनुसार 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो तथा 40 वर्ष का नहीं हुआ हो।

आवेदन करने की अवधिः— ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क **दिनांक 18.02.2025 से दिनांक 19.03.2025 को रात्रि 23.59 बजे** तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

परीक्षा आयोजनः— बोर्ड द्वारा उक्त संविदा पदों पर भर्ती परीक्षा के संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

अन्य बिन्दु व सूचना:— शैक्षणिक योग्यता, मानदेय, आरक्षण के प्रावधान, अनुभव, पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट **rssb.rajasthan.gov.in** पर अलग से जारी किया जाएगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141-2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर-302018 को सम्बोधित किया जावें।

DIPR/......./2024 **(डॉ. बी.सी. बधाल) सचिव**